# समाहरणालय, मुंगेर
(जिला बाल संरक्षण इकाई)
**विज्ञापन संख्या–01 / 2026**

निदेशक, समाज कल्याण–सह–उपाध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति, बिहार पटना के पत्रांक 365 दिनांक 02.03.2026 एवं पत्रांक 498 दिनांक 06.04.2026 के आलोक में मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, मुंगेर के माध्यम से संचालित विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, मुंगेर में संविदा अधारित रिक्त पदों पर अस्थायी नियोजन हेतु सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है–

| Sl No. | Post | Description of Post | Age | Essential Qualification | Experience | Remuneration/ Month |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Manager/ Coordinator | UR-01 (Female) | UR-Female (21-40 Years) | Graduate in Social Work/ Sociology/ Psychology/child development/Human Rights Public Administration/Psychiatry/Law/Public Health from a recognized University & Diploma in Computer Application. | At least 2 years of working experience in Child/Women related programme. | Rs. 23,170/- |
| 02. | Ayah | UR-01 | UR-Female (18-40 Years) UR-Male (18-37 Years) | 8th Pass | - | Rs. 7,944/- |

1. आवेदन '**जिला बाल संरक्षण इकाई, मुंगेर** के ई–मेल आई.डी. **adcpumunger@gmail.com** पर दिनांक **06.07.2026** तक आवेदन प्राप्त किया जाएगा। आवेदन पत्र पर पद का नाम उल्लेख करना अनिवार्य है। निर्धारित अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. एक से अधिक पदों के लिए पात्रता होने पर अलग–अलग आवेदन करना होगा।
3. निम्नलिखित स्वअभिप्रमाणित दस्तावेजों को आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है–
   a. आवेदित पद हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता / कम्प्यूटर कोर्स का प्रमाण पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
   b. नवीनतम स्वअभिप्रमाणित रंगीन तस्वीर (पासपोर्ट साईज) को आवेदन पत्र में चिपका दिया जाय।
   c. केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पंजीकृत वैध संस्थाओं अथवा नीति आयोग पर पंजीकृत गैर–सरकारी संस्थाओं द्वारा सक्षम प्राधिकार के कार्यालय ज्ञापांक एवं दिनांक के साथ निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। अंतिम 06 माह का वेतन / परिश्रमिक / मानदेय भुगतान के साक्ष्य के रूप में बैंक स्टेटमेंट / वेतन विवरण प्रस्तुत करना होगा। विद्यालय से निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र हेतु यह अनिवार्य है कि उक्त विद्यालय शिक्षा विभाग / मान्यता प्राप्त बोर्ड से सम्बद्ध हो एवं प्रमाण पत्र कार्यालय ज्ञापांक, दिनांक के साथ निर्गत हो।
   d. जन्म प्रमाण पत्र (मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र, उन अभ्यर्थियों के मामले में जो मैट्रिक पास हैं या उच्च शैक्षणिक योग्यता रखते हैं। मैट्रिकुलेट से नीचे के उम्मीदवार के मामले में, स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र जहाँ स्कूल के अधिकारियों द्वारा जन्मतिथि का उल्लेख किया गया हो या सक्षम प्राधिकार द्वारा जारी किया गया जन्म प्रमाण पत्र)। अधिकतम एवं न्यूनतम उम्र की गणना 01.06.2026 के आधार पर किया जायेगा।
4. विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप मुंगेर जिला के वेबसाईट (https://munger.nic.in/) पर उपलब्ध है। साथ ही विज्ञापन से संबंधित सभी सूचनाएँ (साक्षात्कार, मेधा सूची आदि) जिले के वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा।
5. अभ्यर्थी द्वारा समर्पित सभी शैक्षणिक एवं अनुभव संबंधित दस्तावेज जिसके आधार पर नियोजन किया जाना है उसका सत्यापन प्रमाण–पत्र जारी करने वाले कार्यालय से कराया जा सकता है।
6. उम्मीदवारों द्वारा आवेदन पत्र में गलत तथ्य या गलत प्रमाण देने पर उनका नियोजन कभी भी रद्द किया जा सकता है। ये नियोजन पूर्णतः अस्थायी है। प्रतिकूल आचरण पाये जाने पर नियोजन कभी भी समाप्त किया जा सकता है।
7. नियोजन प्रक्रिया–
   a. क्रम संख्या–01 के पद पर निर्धारित योग्यता तथा न्यूनतम कार्य अनुभव की पात्रता रखने वाले अभ्यर्थियों का चयन निर्धारित योग्यता में प्राप्तांक के प्रतिशत, उच्चतर डिग्री हेतु निर्धारित अंक तथा साक्षात्कार के लिए अंकों के वेटेज के आधार पर मेधा सूची का निर्माण कर किया जाएगा। न्यनतम कार्य अनुभव रखना अनिवार्य होगा लेकिन इसे मेधा सूची हेतु अंक गणना में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा किसी पद विशेष हेतु निर्धारित विषय विशेष में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता धारित करना अनिवार्य होगा, अन्यथा उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जायेगा।
   b. क्रम संख्या–02 के पद पर नियोजन केवल साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।
   c. मेधा सूची में समान अंक रहने पर अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।
8. अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में भाग लेना अनिवार्य होगा, अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा। साक्षात्कार की तिथि को अभ्यर्थी द्वारा आवेदन के साथ संलग्न सभी शैक्षणिक एवं अनुभव संबंधी दस्तावेजों की मूल प्रति सत्यापन हेतु लाना अनिवार्य है।
9. केन्द्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा पद समाप्त किये जाने या योजना मद में आवंटन समाप्त किये जाने पर पद स्वतः समाप्त माना जाएगा अथवा सरकार द्वारा भविष्य में इन पदों पर स्थायी नियुक्ति होने पर यह नियोजन स्वतः समाप्त माना जायेगा।
10. अस्थायी संविदा नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जाएंगे और न ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जाएंगे। अस्थायी नियोजन के पश्चात् सरकारी सेवा में नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
11. चयनित कर्मियों को संस्थान में नियमानुसार आवासन सुनिश्चित करना होगा।
12. किसी भी न्यायिक विवाद की स्थिति में अथवा अन्य कारणों से इस विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार जिला पदाधिकारी के पास रहेगा।
13. नियोजन के संबंध में अपीलीय प्राधिकार जिला पदाधिकारी, मुंगेर होंगे एवं उनका निर्णय सर्वमान्य एवं अंतिम होगा।
14. मान्य वैधानिक कारणों से चयनित कर्मियों का नियोजन समाप्त करने का अधिकार चयन समिति के पास होगा।
15. परिवीक्षा अवधि–मानदेय आधारित उपरोक्त सभी संविदा आधारित पदों पर प्रारंभ में 01 वर्ष प्रोबेशन अवधि के साथ नियोजन किया जायेगा। प्रोबेशन अवधि के संतोषजनक होने के उपरांत सरकार द्वारा निर्धारित अवधि के लिए सेवा विस्तार किया जा सकेगा।
16. उक्त पदों का नियोजन राज्य बाल संरक्षण समिति, बिहार पटना से प्राप्त मार्गदर्शिका के आधार पर किया जाएगा।
17. विस्तृत जानकारी जिला बाल संरक्षण इकाई, मुंगेर कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

5/6/26

जिला पदाधिकारी,
मुंगेर।

# आवेदन–पत्र

1. आवेदित पद का नाम :–........................................................................................

2. आवेदक/आवेदिका का नाम

   (क) हिन्दी में :–........................................................................................

   (ख) अंग्रेजी में (बड़े अक्षरों में) :–........................................................................................

3. पिता/पति का नाम :–........................................................................................

4. लिंग (पुरूष/महिला/अन्य) :–........................................................................................

5. जन्म तिथि :–........................................................................................

6. कोटि (गैर आरक्षित/अ0पि0वर्ग/पि0वर्ग0/अनु0जा0/अनु0ज0जा0) :–.........................................

7. आधार कार्ड संख्या (छायाप्रति संलग्न करें) :–........................................................................

8. मोबाईल न0 :–........................................................................................

9. e-mail id :–........................................................................................

10. स्थायी पता :–........................................................................................................................

    ........................................................................................................................

    ........................................................................................................................

11. पत्राचार का पता :–........................................................................................................................

    ........................................................................................................................

    ........................................................................................................................

नवीनतम रंगीन
स्वअभिप्रमाणित
पासपोर्ट साईज
फोटो

12. शैक्षणिक योग्यता का विवरण (शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करे) :–

| क्र0 | शैक्षणिक योग्यता | बोर्ड/विश्वविधालय का नाम | विषय | उत्तीणता का वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आठवां | | | | | | |
| 2. | मैट्रिक/समकक्ष (दसवां) | | | | | | |
| 3. | इन्टरमीडिएट/ (10+2) | | | | | | |
| 4. | स्नातक | | | | | | |
| 5. | स्नातकोत्तर | | | | | | |
| 6. | कम्प्यूटर से संबंधित प्रमाण पत्र। | | | | | | |
| | | | | | | | |

*(नोट :– मैट्रिक/दसवां उत्तीर्ण होने की स्थिति में अष्टम् (आठवां) के प्रमाण–पत्र एवं अंक पत्र की आवश्यकता नहीं है)।*

13. क्या आपको कार्य का अनुभव है? (हाँ/नहीं) :– ................. अवधि .................................

    (यदि हाँ तो अनुभव प्रमाण पत्र एवं अंतिम 06 माह का वेतन/परिश्रमिक/मानदेय भुगतान के साक्ष्य के रूप में बैंक स्टेटमेंट/वेतन विवरण की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें।)

## –:घोषणा :–

मैं ........................................................................ एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त दी गई जानकारी में सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही है। मैं जानता/जानती हूँ कि किसी भी चरण/उपरांत में मेरे द्वारा दी गई जानकारी गलत पाय जाने पर मेरी उम्मीदवारी बिना किसी सूचना के रद्द कर दी जाएगी।

स्थान ......................................

दिनांक ..................................

..........................................................

आवेदक/आवेदिका का हस्ताक्षर